**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 3703**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 24 मार्च, 2025/3 चैत्र, 1947 (शक) को दिया गया)**

## केंद्रीय पंजीकरण केंद्र के माध्यम से पंजीकृत कंपनियां

**3703. श्री प्रदीप कुमार सिंहः**
**डॉ. राजेश मिश्राः**
**श्री अरुण गोविलः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से पंजीकृत कम्पनियों की राज्यवार, विशेषकर उत्तर प्रदेश के मेरठ के संदर्भ में, संख्या कितनी है;

(ख) देश में राज्यवार, विशेषकर मेरठ में केन्द्रीकृत प्रसंस्करण शुरू करने से क्या लाभ होने की संभावना है; और

(ग) केन्द्रीय प्रक्रमण केन्द्र के माध्यम से कितने फॉर्म्स अग्रसारित किये जा रहे हैं?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क):** देश में केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से पंजीकृत कंपनियों की राज्य-वार, विशेषकर मेरठ, उत्तर प्रदेश से कुल संख्या अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।

**(ख):** केन्द्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी) की स्थापना जनवरी, 2016 में सभी हितधारकों को अधिक से अधिक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी और इसके परिणामस्वरूप ई-प्ररूप से संबंधित "नाम उपलब्धता" और "निगमन" की प्रोसेसिंग तेजी से हुई है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने स्पाइस+ नामक एक नया वेब प्ररूप प्रारंभ किया है जो एजीआईएलई पीआरओ-एस नामक एक लिंक किए गए प्ररूप के साथ एकल एकीकृत वेब प्ररूप के माध्यम से विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है जिसके माध्यम से कई अनुमोदन प्राप्त किए जा सकते हैं जैसे: -

i). नाम आरक्षण, ii). निगमन, iii). पैन, iv). टैन, v). डीआईएन, vi). ईपीएफओ पंजीकरण, vii). ईएसआईसी पंजीकरण, viii). जीएसटी संख्या, ix). विभिन्न बैंकों द्वारा बैंक खाता संख्या x). प्रोफेसन कर पंजीकरण (मुंबई, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल (कोलकाता), xi). दिल्ली दुकानें और प्रतिष्ठान पंजीकरण। कंपनियों के केंद्रीकृत पंजीकरण के परिणामस्वरूप निगमन से संबंधित आवेदनों की तेजी से प्रोसेसिंग, नियमों की प्रयोज्यता में एकरूपता आई है।

**(ग):** केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) 2 फरवरी, 2024 को उन ई-प्ररूपों को संसाधित करने के लिए खोला गया था, जिनके लिए आरओसी, नॉन स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (नॉन एसटीपी) प्ररूपों की मंजूरी की आवश्यकता होती है। वर्तमान में सीपीसी में 12 ई-प्ररूप संसाधित किए जाते हैं। 19.03.2025 तक कुल 98,098 ई-प्ररूप संसाधित किए गए हैं।

*****

**दिनांक 24.03.2025 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3703 से संबंधित अनुलग्नक-क**

**देश में केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से पंजीकृत कंपनियों की राज्य-वार संख्या निम्नानुसार है:**

| राज्य | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 50 | 50 | 41 | 36 | 43 | 67 | 63 | 86 | 39 |
| आंध्र प्रदेश | 2,309 | 2,418 | 2,794 | 2,815 | 3,436 | 3,326 | 2,984 | 3,690 | 3,688 |
| अरुणाचल प्रदेश | 16 | 37 | 37 | 32 | 67 | 86 | 86 | 207 | 112 |
| असम | 408 | 523 | 676 | 828 | 1,203 | 1,551 | 1,556 | 1,851 | 1,480 |
| बिहार | 2,708 | 3,472 | 3,897 | 4,242 | 5,611 | 5,739 | 5,037 | 6,294 | 5,442 |
| चंडीगढ़ | 452 | 444 | 494 | 506 | 614 | 675 | 572 | 628 | 503 |
| छत्तीसगढ़ | 537 | 512 | 655 | 838 | 1,379 | 1,478 | 1,301 | 1,620 | 1,413 |
| दादरा और नगर हवेली | 17 | 23 | 29 | 16 | 53 | 44 | 36 | 18 | 19 |
| दमन और दीव | 12 | 17 | 23 | 18 | 25 | 23 | 24 | 32 | 26 |
| दिल्ली | 15,907 | 15,787 | 15,820 | 14,614 | 16,091 | 16,282 | 15,585 | 17,013 | 14,319 |
| गोवा | 299 | 316 | 383 | 393 | 411 | 461 | 584 | 633 | 603 |
| गुजरात | 4,632 | 4,793 | 5,672 | 5,787 | 8,198 | 8,753 | 8,969 | 10,209 | 9,333 |
| हरियाणा | 4,277 | 4,767 | 5,829 | 5,938 | 7,709 | 8,011 | 7,572 | 9,504 | 8,430 |
| हिमाचल प्रदेश | 337 | 394 | 452 | 440 | 615 | 756 | 641 | 782 | 695 |
| जम्मू और कश्मीर | 271 | 447 | 552 | 493 | 820 | 1,055 | 1,016 | 1,433 | 1,230 |
| झारखंड | 1,036 | 1,340 | 1,550 | 1,428 | 2,045 | 2,064 | 1,756 | 2,145 | 1,766 |
| कर्नाटक | 8,922 | 9,753 | 11,084 | 10,448 | 12,291 | 13,405 | 12,134 | 14,870 | 11,924 |
| केरल | 3,072 | 3,941 | 4,710 | 4,483 | 6,409 | 6,411 | 5,768 | 6,258 | 5,470 |
| लद्दाख | 4 | 10 | 3 | 5 | 14 | 27 | 11 | - | - |
| लक्षद्वीप | - | - | 4 | 2 | 7 | 3 | 3 | 8 | 3 |
| मध्य प्रदेश | 2,178 | 2,354 | 2,741 | 2,943 | 4,357 | 4,547 | 4,768 | 5,432 | 4,550 |
| महाराष्ट्र | 17,507 | 19,441 | 23,018 | 22,676 | 28,051 | 31,113 | 29,141 | 32,599 | 27,636 |
| मणिपुर | 51 | 126 | 195 | 225 | 217 | 236 | 233 | 218 | 217 |
| मेघालय | 19 | 30 | 25 | 39 | 49 | 69 | 80 | 83 | 75 |
| मिजोरम | 12 | 15 | 22 | 26 | 18 | 69 | 46 | 75 | 71 |
| नागालैंड | 25 | 21 | 29 | 35 | 57 | 70 | 69 | 147 | 97 |
| उड़ीसा | 1,527 | 1,751 | 2,162 | 2,047 | 3,147 | 3,242 | 2,820 | 3,217 | 2,848 |
| पांडिचेरी | 93 | 122 | 128 | 133 | 155 | 132 | 186 | 189 | 178 |
| पंजाब | 1,048 | 1,328 | 1,578 | 1,590 | 2,071 | 2,364 | 2,421 | 3,080 | 2,496 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 2,702 | 3,041 | 3,625 | 3,977 | 5,640 | 6,138 | 6,025 | 6,884 | 6,821 |
| सिक्किम | 2 | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| तमिलनाडु | 6,652 | 7,427 | 8,186 | 8,221 | 9,630 | 11,015 | 10,584 | 12,634 | 11,150 |
| तेलंगाना | 6,588 | 7,081 | 8,213 | 8,172 | 10,132 | 10,871 | 10,248 | 12,304 | 10,822 |
| त्रिपुरा | 36 | 42 | 102 | 115 | 125 | 178 | 113 | 175 | 133 |
| उत्तर प्रदेश | 8,716 | 10,501 | 12,427 | 12,302 | 16,136 | 16,968 | 17,343 | 20,610 | 17,454 |
| उत्तराखंड | 681 | 866 | 1,063 | 1,179 | 1,353 | 1,490 | 1,556 | 1,704 | 1,568 |
| पश्चिम बंगाल | 4,750 | 4,884 | 5,722 | 5,678 | 7,200 | 8,367 | 7,971 | 8,684 | 7,371 |

(स्रोत: डाटा एमसीए-21 पोर्टल से लिया गया है)

**केंद्रीय पंजीकरण केंद्र के माध्यम से मेरठ में पंजीकृत कंपनियों की संख्या निम्नानुसार है:**

| **वर्ष** | **2016** | **2017** | **2018** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** | **2025** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरठ | 175 | 304 | 324 | 306 | 334 | 417 | 486 | 418 | 432 | 144 | 3,340 |

(स्रोत: डाटा एमसीए-21 पोर्टल से लिया गया है)

*****